विदेश आदि में प्रतिनियुक्ति इत्यादि और समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किए गए जो आदेश और निर्णय केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो पर लागू होते हैं, वे नियम केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् के समान्य विनियमो के सदर्भ में केन्दीय परिषद द्वारा बनाए गए स्थायी आदेशो में विशेष रूप से जिन मामलों की व्यवस्था नही की गई है उनके सँबंध में केन्द्रीय परिषद् के कर्मचारियो पर यथोचित परिवर्तनो सहित लागू होंगे ।

(ख) केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् में अनियमितताओं के बारे मे इस मंत्रालय मे एक ज्ञापन राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा, नई दिल्ली से प्राप्त हुआ है ।

(ग) इस ज्ञापन मे निहित आरोपों के बारे में पैदावार टिप्पणियों केन्द्रीय परिषद् से मांगी गई है, जिनकी अभी प्रतीक्षा है ।

इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा की गई क्षतिपूर्ति

1289. **श्री बलराम सिंह यादव :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या पेट्रोलियय और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 24 दिसम्बर, 1990 के "फाइनेनशियल एक्सप्रैस" मे "इंडियन आयल कारपोरेशन पेस 4 मिलियन डालर इन डेमेजस" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा अमरीका की कंपनी का निर्धारित राशि का भुगतान कर दिया गया है ;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले मे इंडियन आयल कारपोरेशन के लापरवाही पूर्ण रवैये के बारे मे कोई जांच की है; और

(घ) यदि हां, तो जांच के निष्कर्ष क्या है और क्या इसके लिए उत्तरदायी लोगों के विरूद्ध कोई कार्रवाई की गई है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय): (क) और (ख) सरकार ने न्यायालय से बाहर समझौते के लिए इंडियन आयल-कारपोरेशन द्वारा मैसर्स कोस्टल को पूर्ण और अतिम भुगतन के रूप मे 4 मिलियन अमेरिकी डालर के भुगतान को अनुमोदित कर दिया है । यू० के० मे स्थित बैंक से इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा किए गए भुगतान के वितरण की प्रतीक्षा की जा रही है ।

(ग) और (घ) इस मामले में विशेष रूप से उत्तरदायी अधिकारी इंडियन आयल कारपोरेशन की नौकरी में नहीं है और अत उनके खिलाफ कोई अनुशासनिक कार्रवाई नही की जा सकती है । उस मामले मे प्रथमदृष्ट्या कोई अपराध भी स्पष्ट नहीं होता है ।

कच्चे तेल के उत्पादन की स्थापित क्षमता का उपयोग

1290. **श्री जलराम सिंह यादव :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्तूबर, 1990 की स्थिति के अनुसार देश मे कच्चे तेल का स्थापित उत्पादन और शोधन क्षमता कितनी थी ;

(ख) क्या देश में उत्पादित संपूर्ण कच्चे तेल का शोधन करने का आधार भूत ढांचा है ; और

(ग) यदि नही, तो अक्तूबर, 1990 की स्थिति के अनुसार शोधन क्षमता क्या थी और उत्पादित शेष कच्चा तेल किन देशों को भेजा जाता है और किन शर्तों पर भेजा जाता है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) दिनांक 1-4-1990 से देश मे स्थापित परिशोधन क्षमता 51.85